(1 किलोवाट) दूरदर्शन ट्रांसमीटर स्थापित करना शामिल है। वर्ष 1990–91 के दौरान इन सभी ट्रांसमीटरों के चालू हो जाने का कार्यक्रम है। लेकिन इन में से 10 किलोवाट के केवल एक ट्रांसमीटर को शुरू में इस अवधि के दौरान 1 किलोवाट के कम शक्ति पर चालू करने का विचार है। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर, वर्ष 1990–91 के अंत तक, राज्य की 81.69 लाख अतिरिक्त जनसंख्या को दूरदर्शन सेवा प्राप्त होने की आशा है और इस प्रकार राज्य की लगभग 63.6 प्रतिशत जनसंख्या दूरदर्शन विस्तार के अन्तर्गत आ जाएगी। जब बाकी एक ट्रांसमीटर की शक्ति प्रारंभिक 1 किलोवाट से बढ़ाकर 10 किलोवाट कर दी जाएगी तब राज्य की लगभग 69.3 प्रतिशत जनसंख्या को दूरदर्शन सेवा उपलब्ध होने लगेगी।

इसके अलावा, दूरदर्शन की वर्ष 1990–91 की वार्षिक योजना में, देश में अतिरिक्त दूरदर्शन ट्रांसमीटर स्थापित करना भी शामिल है, इन ट्रांसमीटरों के स्थलों का चयन, देश के कवर न हुए हिस्सों में दूरदर्शन सेवा के विस्तार के लिए परस्पर प्राथमिकता पर निर्भर करता है। अतः मध्य प्रदेश में कवर न हुए हिस्सों में दूरदर्शन सेवा का प्रसार, दूरदर्शन विस्तार योजनाओं के अन्तर्गत इस प्रयोजन के लिए संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

Newsprint allocation policy

*239. SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI N.E. BALARAM:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Government propose to make some changes in the newsprint allocation policy of Government; and

(b) if so what are the details the ereof ?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFA.R1S (SHRI P. UPENDRA) : (a) and (b)Tbe Newsprint Allocation Policy for 1990 is under forrmulation.

**240[Transferred to 30th March,* 1990]

News unit of Cuttack Doordarshan Kendra, Orissa

1831. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADACSTING be pleased to state:

(a) whether it ha? not been possible to transmit regular News Bulletin in Oriya as Cuttack Doordarshan Kendra has not yet been made full-fledged ; and

(b) if so, what step? have been taken by Government to establish a full-fledged Regional News Unit at Cuttack?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. UPENDRA) : (C) and (b) Doordrashan Kendra, Cuttack, regulalry telecasts a Regional News Bulletin in Oriya

सोवियत संघ द्वारा पाकिस्तान को परमाणु ऊर्जा संयंत्र सप्लाई किए जाने का समाचार

1832. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह लरोड़ा :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोवियत संघ पाकिस्तान को परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सप्लाई करने का विचार रखता है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) : (क) और (ख) जहां तक सरकार को मालूम है सोवियत संघ ने इसके बारे में पाकिस्तान को कोई वचन नहीं दिया है।